लोकसभा अध्यक्ष ने 20 उपग्रहों के प्रक्षेपण हेतु 'इसरो ' को बधाई दी

नई दिल्ली, 22 जून 2016 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने चार देशों के 17 उपग्रहों सहित कुल 20 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने हेतु 'इसरो ' को बधाई दी है। अपने संदेश में, श्रीमती महाजन ने कहा , "मुझे यह जानकार ख़ुशी है कि इसरो ने एक ही राकेट में 20 उपग्रह प्रक्षेपित करके इतिहास रचा है। वास्तव में यह एक असाधारण उपलब्धि है जिसने उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देश के रूप में हमारे दावे को सच कर दिखाया है। में इसरो के नेतृत्व और वैज्ञानिकों को अपनी हार्दिक बधाई देती हूँ।"